प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.03.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

शोकोद्गार

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के आज दूसरे दिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह और पूर्व विधायक किशन कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में शोकोद्गार प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे और वर्ष 2004 में देश के प्रधानमंत्री बने व 2014 तक इस पद पर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और हिमाचल के लिए कई बड़ी परियोजनाएं भी दीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश में आर्थिक संकट आया था तो उस समय के प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को देश का वित्त मंत्री बनाया था और उन्होंने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया था। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने हिमाचल को आईआईएम मंडी, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईआईटी ऊना समेत कई अन्य बड़े संस्थान दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल सरकार ने हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा का नाम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री किशन कपूर के निधन पर भी शोकोद्गार प्रस्तुत किया।

....

शोकोद्गार

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शोकोद्गार में खुद को शामिल करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपना जीवन शिक्षक के रूप में शुरू किया और फिर आगे बढ़ते हुए देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि आज तक जितने भी प्रधानमंत्री बने, आमतौर पर वह राजनीतिक पृष्ठभूमि से होते हैं लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह एक शिक्षक थे और आर्थिक सलाहकार के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री बने और फिर 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का पूरे देश के साथ–साथ हिमाचल के लिए भी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन से देश को बड़ी क्षति हुई है और वे ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं और शोकाकुल परिवार के गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। जयराम ठाकुर ने पूर्व मंत्री किशन कपूर के निधन पर भी शोक जताया। उन्होंने कहा कि किशन कपूर पांच बार विधायक, तीन बार मंत्री रहे और एक बार सांसद रहे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पार्टी के आग्रह पर किशन कपूर ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ा और वे भारी मतों से विजयी

हुए। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित कई अन्य सदस्यों ने भी शोकोद्गार में शामिल होकर इन नेताओं के समाज के प्रति किए गए योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

<u>राजीव भारद्वाज</u>

पीएमश्री योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में एक सौ 80 स्कूलों का चयन किया गया है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत केंद्र सरकार, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संचालित 14 हजार पांच सौ स्कूलों की ढांचागत सुविधाओं को सुदृढ करने का प्रावधान किया गया है। जयंत चौधरी ने बताया कि योजना के तहत कुल 27 हजार तीन सौ 60 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे जिनमें 18 हजार एक सौ 28 करोड़ केंद्र और 9 हजार दो सौ 32 करोड़ रूपए की हिस्सेदारी राज्य सरकारें अदा करेंगी।

<u>बिंदल</u>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य में वन, खैर, चिट्टा और स्क्रैप माफिया का बोलबाला हो गया है। नालागढ़ में एक पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि ये सभी तरह का माफिया प्रदेश सरकार के संरक्षण के तहत सक्रिय है। बिंदल ने कहा कि हिमाचल में स्थिति चिंताजनक हो गई है और जो व्यक्ति माफियाओं के खिलाफ शिकायत करता है पुलिस उसी के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को जनता की चिंता के लिए चुना गया है लेकिन वे भाजपा की चिंता करने में लगे हैं।